भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1123**
बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 / 22 अग्रहायण , 1945 (शक) को उत्तरार्थ

## प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटीज़ (पीएसीएस)

1123 # **श्री विवेक ठाकुर:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सभी प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटीज़ में जन औषधि केंद्र खोलने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस योजना पर की गई प्रगति का राज्य-वर ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख): सरकार द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को, रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग की प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) संचालित करने की अनुमति दी गई है। पीएमबीजेके के रूप में काम कर रहे पैक्स ग्रामीण नागरिकों को सस्ती कीमतों पर जेनेरिक दवाएं प्रदान करने में सक्षम होंगे। जन औषधि केंद्र लगभग 1,965 दवाएं और 293 शल्य चिकित्सा से संबंधित वस्तुएं उचित मूल्य पर प्रदान करते हैं। अब तक, 4,289 पैक्स/ सहकारी समितियों ने प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, जिनमें से 2,293 पैक्स को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) द्वारा प्रारंभिक स्वीकृति दे दी गई है। पैक्स द्वारा जन औषधि केन्द्र खोले जाने की राज्य-वार स्थिति **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

*****

अनुलग्नक

**पीएमबीजेके हेतु आवेदन किए गए पैक्स/सहकारी समितियों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | प्राप्त आवेदनों की संख्या | दी गई प्रारम्भिक स्वीकृतियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 887 | 443 |
| 2 | महाराष्ट्र | 416 | 206 |
| 3 | मध्य प्रदेश | 334 | 211 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 231 | 151 |
| 5 | कर्नाटक | 221 | 154 |
| 6 | बिहार | 217 | 105 |
| 7 | राजस्थान | 213 | 163 |
| 8 | असम | 193 | 111 |
| 9 | गुजरात | 172 | 123 |
| 10 | तमिलनाडु | 164 | 49 |
| 11 | ओडिशा | 158 | 73 |
| 12 | पंजाब | 151 | 89 |
| 13 | छत्तीसगढ | 128 | 29 |
| 14 | झारखंड | 118 | 57 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 116 | 77 |
| 16 | हरियाणा | 112 | 74 |
| 17 | उत्तराखंड | 80 | 50 |
| 18 | अरुणाचल प्रदेश | 69 | 20 |
| 19 | हिमाचल प्रदेश | 64 | 16 |
| 20 | मिजोरम | 44 | 13 |
| 21 | तेलंगाना | 38 | 9 |
| 22 | त्रिपुरा | 28 | 12 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 21 | 9 |
| 24 | मणिपुर | 20 | 5 |
| 25 | पुदुचेरी | 19 | 15 |
| 26 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 15 | 6 |
| 27 | मेघालय | 12 | 3 |
| 28 | डीएनएच और डीडी | 12 | 4 |
| 29 | सिक्किम | 11 | 10 |
| 30 | लद्दाख | 10 | 2 |
| 31 | गोवा | 7 | 1 |
| 32 | नागालैंड | 5 | 3 |
| 33 | लक्षद्वीप | 2 | 0 |
| 34 | केरल | 1 | 0 |
| **कुल** | | **4,289** | **2,293** |